AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि : असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 15 को होगी परीक्षा

शिक्षाशास्त्र, पाश्चात्य इतिहास और विधि विभाग में होनी हैं नियुक्तियां

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विवि के तीन विभागों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों के लिए 15 दिसंबर को नवीन परिसर में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। चार पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 350 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। पदों के सापेक्ष आए आवेदनों का परीक्षण जारी है। शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की सूची जल्द जारी की जाएगी।

लविवि प्रशासन ने कुछ समय पहले शिक्षाशास्त्र, पाश्चात्य इतिहास और विधि विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन में शिक्षाशास्त्र और पाश्चात्य इतिहास में एक-एक और विधि विभाग में दो रिक्त पदों पर भर्ती की जानकारी है।

इस संबंध में परीक्षा विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि सभी शॉर्ट लिस्ट उम्मीदवारों की परीक्षा तय तिथि में कराई जाएगी। आवेदकों का प्रवेश पत्र उनकी लॉगिन पर उपलब्ध होगा। अर्ह उम्मीदवार ही परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

तैयार की जा रही उम्मीदवारों की सूची, आवेदकों के प्रवेश पत्र उनके लॉगिन में होंगे उपलब्ध

40 अंकों की होगी परीक्षा

शिक्षक भर्ती के लिए 40 अंकों की परीक्षा होगी। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनकी संख्या 40 होगी। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित किया गया है। विवि की अधिष्ठाता नियुक्ति प्रो. मनुका खन्ना ने बताया कि चार पदों पर भर्ती के लिए जारी विज्ञापन में 350 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनकी स्क्रूटनी की जा रही है। शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की सूचना जल्द साझा की जाएगी।

परीक्षा में शामिल होने आए अभ्यर्थी को एक फोटो पहचान पत्र और प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य होगा। कैलकुलेटर, मोबाइल, टैबलेट व अन्य किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के लाने पर मनाही होगी। परीक्षा के दौरान ये सामग्री किसी अभ्यर्थी के पास मिलने पर उसे परीक्षा से बाहर कर दिया जाएगा।

एमबीए, बीयूएमएस और बीएएमएस का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लविवि ने विषम सेमेस्टर परीक्षा के क्रम में सोमवार को एमबीए, एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंट, बीएएमएस और बीयूएमएस कोर्स का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। परीक्षा विभाग ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम अपलोड कर दिया है। विद्यार्थी वहां से अपनी सुविधानुसार उसे डाउनलोड कर देख सकते हैं।

परीक्षा विभाग की तरफ से जारी कार्यक्रम में एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 27 जनवरी के बीच होंगी। तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से 4 जनवरी के बीच होंगी। एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंट प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से 4 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 21 दिसंबर से 3 जनवरी के बीच होंगी। वहीं बीयूएमएस की परीक्षाएं 14 दिसंबर से 20 जनवरी के बीच कराई जाएंगी। वहीं बीएएमएस की परीक्षाएं 10 से 28 दिसंबर के बीच होंगी। (संवाद)

लविवि | समाजकार्य विभाग ने जरूरतमंदों के लिए शुरू की अनोखी पहल

चेहरों पर खुशी लाएगा हैप्पीनेस बॉक्स

संवाद न्यूज एजेंसी

मुख्य परिसर व न्यू कैंपस में पांच-पांच स्थानों पर रखे जाएंगे बॉक्स जरूरतमंदों के लिए शिक्षक और छात्र-छात्राएं दान करेंगे सामग्री

बॉक्स ऑफ हैप्पीनेस सप्ताह की शुरुआत करते कुलपति आलोक राय। - संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजकार्य विभाग ने जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी लाने के लिए एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। पं. दीन दयाल उपाध्याय शोधपीठ और अभ्युदय गुल्लक पाठशाला की मदद से शुरू होने वाली इस पहल में विवि के शिक्षक, विद्यार्थी व अन्य लोग जरूरी सामान दान करेंगे। इनका वितरण जरूरतमंदों और असहाय लोगों में किया जाएगा। यह प्रयास उनके जीवन में खुशी लाने का काम करेगा।

बॉक्स ऑफ हैप्पीनेस सप्ताह की शुरुआत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गर्म कपड़े दान कर की। उन्होंने कहा, यह पहल लोगों के जीवन को आसान करने का काम करेगी। विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे गर्म कपड़े, कॉपी-किताबें व सेनेटरी पैड वगैरह हैप्पीनेस बॉक्स में रख सकते हैं।

इस योजना के अंतर्गत सप्ताह के अंत में सभी एकत्रित सामग्रियां जरूरतमंद लोगों में बांटी जाएंगी। कार्यक्रम के शुभारंभ के मौके पर प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. डीके सिंह और अभ्युदय पाठशाला की संस्थापक सलोनी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इन स्थानों पर रखे जाएंगे हैप्पीनेस बॉक्स

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 2 से 9 दिसंबर के बीच हैप्पीनेस सप्ताह के क्रम में मुख्य व नवीन परिसर में पांच-पांच स्थानों पर हैप्पीनेस बॉक्स रखे जाएंगे। इसमें मुख्य परिसर के गेट संख्या 1, 2, 3, 7 व टैगोर लॉन और द्वितीय परिसर के फैकल्टी ऑफ लॉ, फार्मेसी, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग एवं कुलानुशासक कार्यालय के बाहर यह मौजूद होंगे। कोई भी व्यक्ति पांच वर्ष से 60 वर्ष तक के लोगों के उपयोग में आने वाले सामग्री इसमें रख सकेगा।

डीजीपी ने प्रतिभागियों को दिए प्रमाणपत्र

स्रोत : स्वयं

लखनऊ। लविवि में सोमवार को छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम के तहत एसपीईएल के दूसरे चरण का शुभारंभ हुआ। पुलिस महानिदेशक नियम एवं ग्रंथ आशीष गुप्ता ने प्रथम चरण में शामिल एनएसएस नोडल अधिकारियों व प्रतिभागी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र बांटे। इसमें 65 जिलों के 185 एनएसएस नोडल अधिकारी, प्रतिभागी और स्वयंसेवक शामिल हुए। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से 2023 में देश के सभी राज्यों व संघशासित क्षेत्रों में पुलिस विभागों के सहयोग से छात्र-पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के प्रथम चरण का शुभारंभ किया गया था। इसमें स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं को पुलिस थाने और अन्य पुलिस प्रतिष्ठानों में 30 दिनों में 120 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाता है। (संवाद)

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

बॉक्स ऑफ हैप्पीनेस में विद्यार्थी शिक्षक सभी कर सकेंगे समुदाय के लिए दान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के समाज कार्य विभाग ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ तथा अभ्युदय गुल्लक पाठशाला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बॉक्स आफ हैप्पीनेस सप्ताह के रूप में एक अनोखी पहल की शुरूआत की है। सप्ताह की शुरूआत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा समुदाय के बच्चों में गर्म कपड़े वितरित करके की गई। प्रो.राय ने अभ्युदय गुल्लक पाठशाला की संस्थापक सलोनी को विश्वविद्यालय व समाज कार्य विभाग की तरफ से हैप्पीनेस बॉक्स देते हुए उन्हें समुदाय के बीच बच्चों में वितरित करने की अपील की। उन्होंने इस सप्ताह की बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से यह अपील है कि वह समुदाय के लोगों में सहयोग के लिए अपने स्वेच्छा अनुरूप गर्म कपड़े, कॉपी, किताब व पाठ्य सामग्री, सेनेटरी पैड इत्यादि विश्वविद्यालय में स्थापित हैप्पीनेस बॉक्स में रख सकते हैं। लोगों के योगदान से इस मुहिम को सफल बनाया जाएगा।

JAGRAN CITY PAGES I, III

स्नातक छात्रों को मिलेगा पुलिस थाने और प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण

जासं • लखनऊ : स्टूडेंट पुलिस एक्सेरीमेंटल लर्निंग (एसपीईएल) कार्यक्रम के तहत स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं को पुलिस थाने और संबंधित प्रतिष्ठानों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक महीने के इस प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आपराधिक कानूनों, उसकी प्रक्रियाओं, आपराधिक जांच का आधारभूत ज्ञान, यातायात प्रबंधन से लेकर कानून व्यवस्था एवं सामान्य पुलिसिंग के विषय में भी बताया जाएगा। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रंथ, आशीष गुप्ता ने सोमवार को एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय के एपी सेन सभागार में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में एसपीईएल कार्यक्रम के द्वितीय चरण का शुभारंभ में दी।

इस अवसर पर उन्होंने प्रथम चरण के स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिन्न 65 जनपदों से आये हुए 185 एनएसएस नोडल अधिकारी एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि महानिदेशक आशीष गुप्ता ने कहा कि पुलिस प्रशासन एनएसएस के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम ने पुलिस और युवाओं के बीच बेहतर समझ और समन्वय स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक समर दीप सक्सेना, राज्य एनएसएस अधिकारी डा. मंजू सिंह, लवि के चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे।

प्रथम चरण में 75 जनपदों में 490 थानों में यह कार्यक्रम चलाया गया था, जिनमें 2571 छात्रों ने प्रशिक्षण पूरा किया। द्वितीय चरण में पुलिस थाने और अन्य पुलिस प्रतिष्ठानों में तीस दिवस में 120 घंटों की अनुभवात्मक अधिगम करायी जाएगी।

स्वयंसेवकों को पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रंथ, आशीष गुप्ता ने प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा भी उपस्थित रहे • सौ. लवि

लवि : 20 से एमबीए की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

विश्वविद्यालय ने बीयूएमएस और बीएएमएस के परीक्षा कार्यक्रम में किया बदलाव

जासं • लखनऊ : लवि ने वाणिज्य विभाग और लखनऊ यूनिवर्सिटी मास्टर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (लुंबा) के अंतर्गत संचालित एमबीए की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी सोमवार को जारी कर दी। इन परीक्षाओं की शुरुआत 20 दिसंबर से होगी। वहीं, बीयूएमएस और बीएएमएस की परीक्षा तिथियों में भी बदलाव कर दिया गया है। संशोधित समय सारिणी लवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूचना के अनुसार लवि के वाणिज्य विभाग में संचालित एमबीए फाइनेंस एंड एकाउंटिंग प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 दिसंबर से चार जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 दिसंबर से तीन जनवरी तक होंगी। परीक्षा का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। इसी तरह लुंबा के अंतर्गत संचालित एमबीए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 दिसंबर से चार जनवरी और एमबीए प्रथम सेमेस्टर पाठ्यक्रम की परीक्षाएं 15 से 27 जनवरी तक होंगी।

इनका संशोधित कार्यक्रम जारी : बीएएमएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय व अंतिम प्रोफेशनल परीक्षाएं 10 से 28 दिसंबर तक होंगी। इसका परीक्षा केंद्र राजकीय आयुर्वेदिक कालेज के आयुर्वेद संकाय में बनाया गया है। बीयूएमएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय व अंतिम प्रोफेशनल (बैक) की परीक्षाएं 14 दिसंबर से चार जनवरी तक संचालित होंगी।

पीजी डिप्लोमा फोरेंसिक साइंस की परीक्षा तिथि बदली

जासं • लखनऊ : नेशनल पीजी कालेज ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फोरेंसिक साइंस प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव कर दिया है। इस विषय की परीक्षाएं 23 व 24 दिसंबर को होगी। कालेज के परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी नई तिथि के अनुसार फंडामेंटल आफ फोरेंसिक साइंस पेपर-नंबर 1 की परीक्षा 19 दिसंबर की जगह 23 दिसंबर को सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। फोरेंसिक एंथ्रोपोलाजी एंड फिंगर प्रिंट एनालिसिस की परीक्षा 20 दिसंबर के स्थान पर 23 दिसंबर को दोपहर 1:30 से 4:30 बजे तक संचालित होगी। 21 दिसंबर को प्रस्तावित क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन एंड मैनेजमेंट की परीक्षा अब 24 दिसंबर को सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी।

आज से जारी होंगे पीजी के प्रवेश पत्र : नेशनल पीजी कालेज में 10 दिसंबर से परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू होंगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र तीन दिसंबर को दोपहर में जारी किए जाएंगे। छात्र-छात्राएं अपने लागिन पासवर्ड के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकेंगे। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीजी की परीक्षाओं में 500 से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे। इसका समापन 24 दिसंबर को होगा। परीक्षा की समय सारिणी कालेज की वेबसाइट पर अपलोड है।

परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखा

जासं • लखनऊ : लवि के जंतु विज्ञान विभाग को संबद्ध कालेजों में एमएससी जंतु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने की जिम्मेदारी मिल सकती है। विभाग की ओर से बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में इस प्रस्ताव की संस्तुति करके परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखा है। अंतिम निर्णय वहीं से होगा। दरअसल, संबद्ध कालेजों में एमएससी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने की जिम्मेदारी परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के पास है। लवि के जूलाजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम सेराजुद्दीन ने बताया कि एमएससी पाठ्यक्रम में पांच विशेषज्ञता होती है। विशिष्ट विशेषज्ञता की प्रयोगात्मक परीक्षाएं विशिष्ट शिक्षक ही करा सकते हैं, जिससे प्रयोगात्मक परीक्षा में गुणवत्ता आ सके। बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में सभी शिक्षकों ने विभाग की ओर से अनुमोदित शिक्षकों से ही कालेजों में जंतु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने पर सहमति दी थी। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक को अवगत कराया गया है।

PIONEER PAGE 3

बॉक्स ऑफ़ हैप्पीनेस में विद्यार्थी शिक्षक सभी कर सकेंगे समुदाय हेतु दान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने सोमवार से पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ तथा अभ्युदय गुल्लक पाठशाला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बॉक्स आफ हैप्पीनेस सप्ताह के रूप में एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। सप्ताह की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा समुदाय के बच्चों में गर्म कपड़े वितरित करके की गई। प्रोफेसर राय ने अभ्युदय गुल्लक पाठशाला की संस्थापक सलोनी को विश्वविद्यालय व समाज कार्य विभाग की तरफ से हैप्पीनेस बॉक्स देते हुए उन्हें समुदाय के बीच बच्चों में वितरित करने की अपील की। प्रोफेसर राय ने इस सप्ताह की बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से यह अपील है कि वह समुदाय के लोगों में सहयोग हेतु अपने स्वेच्छा अनुरूप गर्म कपड़े कॉपी किताब व पाठ्य सामग्री सेनेटरी पैड इत्यादि विश्वविद्यालय में स्थापित हैप्पीनेस बॉक्स में रख सकते हैं। लोगों के योगदान से इस मुहिम को सफल बनाया जाएगा।

उक्त सप्ताह के विषय मे प्रो. राकेश द्विवेदी विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग ने बताया कि 2 दिसंबर से 9 दिसंबर तक लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य एवं द्वितीय परिसर में चिन्हित पांच-पांच स्थानों पर हैप्पीनेस बॉक्स रखे जाएंगे। इस सप्ताह को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य अपने संस्थागत सामुदायिक उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु जाड़े के मौसम में समुदाय में रहने वाले बच्चों को सर्दियों से बचाना है। कोई भी व्यक्ति अपने 5 वर्ष से 60 वर्ष तक के लोगों के उपयोग में आने वाले कपड़े पाठ्य सामग्री सेनेटरी पैड इत्यादि बॉक्स ऑफ़ हैप्पीनेस में रख सकता है ड्ड आपने दान कर्ताओं से विशेष अपील की कि दान किए जाने वाले वस्त्र स्वच्छ एवं पहनने योग्य होने चाहिए। सप्ताह के अंत में सभी एकत्रित सामग्रियां समुदाय के सदस्यों में वितरित कर दी जाएगी।

HINDUSTAN PAGE 6

बच्चों और बुजुर्गों को जाड़े से बचाएगा हैपीनेस बॉक्स

एलयू

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। एलयू के समाज कार्य विभाग ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ तथा अभ्युदय गुल्लक पाठशाला फाउंडेशन की ओर से बॉक्स आफ हैपीनेस सप्ताह के रूप में अनोखी पहल शुरू की है। सप्ताह की शुरुआत एलयू के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा समुदाय के बच्चों में गर्म कपड़े वितरित करके की गई।

प्रोफेसर राय ने अभ्युदय गुल्लक पाठशाला की संस्थापक सलोनी को विश्वविद्यालय व समाज कार्य विभाग की तरफ से हैपीनेस बॉक्स देते हुए उन्हें समुदाय के बीच बच्चों में वितरित करने की अपील की। प्रोफेसर राय ने कहा कि शिक्षक व विद्यार्थी स्वेच्छा अनुरूप गर्म कपड़े कॉपी किताब व पाठ्य सामग्री, सेनेटरी पैड इत्यादि विश्वविद्यालय में स्थापित हैप्पीनेस बॉक्स में रख सकते हैं। विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग प्रो. राकेश द्विवेदी बताया कि 2 दिसंबर से 9 दिसंबर तक लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य एवं द्वितीय परिसर में चिन्हित पांच-पांच स्थानों पर बॉक्स रखे जाएंगे।

एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 15 जनवरी से

एलयू में एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 15 जनवरी से 27 जनवरी तक ओल्ड कैम्पस में दो पांच बजे की पाली में होंगी। एमबीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 23 दिसम्बर से चार जनवरी तक होंगी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

बॉक्स ऑफ हैप्पीनेस की शुरुआत करते कुलपति डॉ. आलोक कुमार राय व समाज कार्य विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार द्विवेदी।

लविवि : बॉक्स ऑफ हैप्पीनेस सप्ताह के रूप में अनोखी पहल की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ और अभ्युदय गुल्लक पाठशाला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बॉक्स ऑफ हैप्पीनेस सप्ताह के रूप में एक अनोखी पहल की शुरुआत की है।

कार्यक्रम की शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की ओर से समुदाय के बच्चों में गर्म कपड़े वितरित करके की गई। प्रोफेसर राय ने अभ्युदय गुल्लक पाठशाला की संस्थापक सलोनी को विश्वविद्यालय व समाज कार्य विभाग की तरफ से हैप्पीनेस बॉक्स देते हुए उन्हें समुदाय के बीच बच्चों में वितरित करने की अपील की।

विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि 2 दिसंबर से 9 दिसंबर तक लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य व द्वितीय परिसर में चिन्हित पांच-पांच स्थानों पर हैप्पीनेस बॉक्स रखे जाएंगे।

इस सप्ताह को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य अपने संस्थागत सामुदायिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए जाड़े के मौसम में समुदाय में रहने वाले बच्चों को सर्दियों से बचाना है। कोई भी व्यक्ति अपने 5 वर्ष से 60 वर्ष तक के लोगों के उपयोग में आने वाले कपड़े, पाठ्य सामग्री, सेनेटरी पैड इत्यादि बॉक्स ऑफ़ हैप्पीनेस में रख सकता है।

इन पांच जगह पर रखे जाएंगे बॉक्स

- मुख्य परिसर : विवि गेट संख्या 1,2,3, 7 व टैगोर लान
- द्वितीय परिसर : फैकल्टी ऑफ़ लॉ, फार्मेसी, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग व कुलानुशासक कार्यालय

आयुर्वेद, यूनानी और एमबीए का परीक्षा कार्यक्रम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय ने बीएएमएस के प्रथम, दितीय, तृतीय और अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। 10 से 28 दिसंबर तक चारों सेमेस्टर की परीक्षाएं सम्पन्न करा ली जाएंगी। इसी प्रकार यूनानी संकाय के बीयूएमएस के प्रथम, द्वितीय, चतुर्थ व अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 दिसंबर से शुरू होकर 4 जनवरी तक चलेंगी। एमबीए फाइनेंस और अकाउंटिंग सेमेस्टर एक और तीन की परीक्षाएं 20 दिसंबर से शुरू होकर आगामी 5 जनवरी तक चलेंगी। समस्त परीक्षाओं को तीन घंटे में सम्पन्न कराया जाएगा। दिन में 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच इन परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। छात्र अपने परीक्षा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ले सकते हैं।

i-NEXT PAGE 5

प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए लिखा गया लेटर

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग को संबद्ध कालेजों में एमएससी जंतु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा कराने की जिम्मेदारी मिल सकती है. विभाग की ओर से बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में इस प्रस्ताव की संस्तुति करके परीक्षा नियंत्रक को पत्र लिखा है. अंतिम निर्णय वहीं से होगा.

कोर्स में पांच विशेषताएं

दरअसल, संबद्ध कालेजों में एमएससी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने की जिम्मेदारी परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के पास है. लखनऊ यूनिवर्सिटी के जुलाजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम सेराजुद्दीन ने बताया कि एमएससी कोर्स में पांच विशेषज्ञता होती है. विशिष्ट विशेषज्ञता की प्रयोगात्मक परीक्षाएं विशिष्ट शिक्षक ही करा सकते हैं. जिससे प्रयोगात्मक परीक्षा में गुणवत्ता आ सके. बोर्ड आफ स्टडीज की बैठक में सभी शिक्षकों ने विभाग की ओर से अनुमोदित शिक्षकों से ही कालेजों में जंतु विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराने पर सहमति दी थी. इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक को अवगत कराया गया है.

LOKSATYA PAGE 3

बॉक्स ऑफ़ हैप्पीनेस में विद्यार्थी शिक्षक सभी कर सकेंगे समुदाय हेतु दान

मदद

- एलयू की बॉक्स आफ हैप्पीनेस सप्ताह के रूप में एक अनोखी पहल

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ तथा अभ्युदय गुल्लक पाठशाला फाउंडेशन की ओर से बॉक्स आफ हैप्पीनेस सप्ताह के रूप में एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। सप्ताह की शुरुआत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा समुदाय के बच्चों में गर्म कपड़े वितरित करके की गई। प्रोफेसर राय ने अभ्युदय गुल्लक पाठशाला की संस्थापक सलोनी को विश्वविद्यालय व समाज कार्य विभाग की तरफ से हैप्पीनेस बॉक्स देते हुए उन्हें समुदाय के बीच बच्चों में वितरित करने की अपील की। प्रोफेसर राय ने इस सप्ताह की बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से यह अपील है कि वह समुदाय के लोगों में सहयोग हेतु अपने स्वेच्छा अनुरूप गर्म कपड़े कॉपी किताब व पाठ्य सामग्री सेनेटरी पैड इत्यादि विश्वविद्यालय में स्थापित हैप्पीनेस बॉक्स में रख सकते हैं। लोगों के योगदान से इस मुहिम को सफल बनाया जाएगा।

प्रो. राकेश द्विवेदी विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग ने बताया कि 2 दिसंबर से 9 दिसंबर तक लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य एवं द्वितीय परिसर में चिन्हित पांच-पांच स्थानों पर हैप्पीनेस बॉक्स रखे जाएंगे। इस सप्ताह को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य अपने संस्थागत सामुदायिक उत्तरदायित्व के निर्वहन हेतु जाड़े के मौसम में समुदाय में रहने वाले बच्चों को सर्दियों से बचाना है।

TOI PAGE 3

LU's warm gesture helps needy brave the chill, unbox happiness

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: To extend a helping hand to those who can't buy warm clothes or blankets, Lucknow University's social work department has placed a 'Box of Happiness' at LU gates where teachers, students, and staff can drop clothes and blankets not in use for the needy people.

The initiative began with the distribution of warm clothes to the underprivileged.

From Dec 2-9, happiness boxes will be placed at five locations of the Lucknow University

Vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai gave the Happiness Box to Saloni, the founder of Abhyudaya Gullak Pathshala, on behalf of the university and the social work department.

The VC appealed to all the teachers and students of the university to voluntarily keep warm clothes, copy books, study material, sanitary pads, and other articles in the Happiness Box.

"From Dec 2-9, happiness boxes will be placed at five identified locations in the main and second campus of the Lucknow University. Any person can place clothes, study material, and sanitary pads used by people between 5 years to 60 years in the box," said Rakesh Dwivedi, head of social work department.

He said that on LU's main campus, the box is placed at gate number 1, 2, 3, and 7, and at Tagore Lawn, while on the second campus, it has been placed at the faculties of law, pharmacy, management, engineering, and the registrar's office.

"We decided to initiate this novel concept so that students and staff can donate clothes, blankets, and sweaters they no longer need. This way, they can help those who are not able to purchase these items," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

HELPING HAND: Vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai gives the Happiness Box to Saloni, the founder of Abhyudaya Gullak Pathshala, on behalf of the university and the social work department

LU hosts 2nd phase of SPEL programme

Lucknow: Director general of police (rules and manuals), Ashish Gupta, inaugurated the second phase of the Student Police Experiential Learning (SPEL) programme on Monday.

The SPEL programme was launched in 2023 under the aegis of the ministry of youth affairs and sports, Govt of India, in collaboration with police departments across all states and Union Territories.

"SPEL is designed to provide experiential learning to undergraduate students through hands-on training at police stations and other police establishments over 120 hours in 30 days," the ADG said.

He urged participants to apply their learnings to tackle societal challenges, drawing inspiration from Mahatma Gandhi's principle of uplifting the weakest sections of society.

Regional NSS director Samar Deep Saxena elaborated on the programme's goal of fostering understanding between the police and the community. TNN